तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



मतदान पूरा होने के बाद अब सफाई और राजस्व वसूली .... 10



सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण एजेंसी को मार्च ... 11




## खबर संक्षेप

### पीपरखार मड़ई 19 को

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम पीपरखार (ख) में 19 फरवरी को देव मड़ई का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम सपना सागर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी टेकेहर्रा टीपानगर मक्के (अंबागढ़ चौकी) का कार्यक्रम रखा गया है।

### हाई प्रोफाइल हुआ ग्राम भेड़ी का पंच चुनाव

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के ग्राम पंचायत भेड़ी (लो) का पंच चुनाव हाईप्रोफाइल हो गया है। पहले पंच का फार्म रिटर्निंग आफिसर द्वारा निरस्त कर दिया गया था, फिर रिविजन में उसे स्वीकार कर फार्म को सही मानकर उसे सिंबाल जारी किया गया है। विदित हो कि ग्राम भेड़ी के एक वार्ड से पंच पद के लिए टेकराम पटेल व ओकेश कुमार साहू चुनाव लड़ रहे हैं। ओकेश कुमार द्वारा हाईकोर्ट में 10 फरवरी को मामला दायर किया गया था। मामले की पहली सुनवाई 12 फरवरी को हुई है, अगली सुनवाई 17 फरवरी को चुनाव के दिन होनी है।ओकेश कुमार द्वारा आपत्ति लगाई गई थी कि टेकराम पटेल वर्तमान में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति डौंडी लोहारा का प्राधिकृत अधिकारी है, इसलिए पंच चुनाव नहीं लड़ सकता।

### महाविद्यालय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा आज से

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा जिला बालोद के बीएससी-प्रथम बीए (भूगोल)प्रथम वर्ष के भूतपूर्व एवं बी.एससी द्वितीय एवं तृतीय बीए (भूगोल) द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त नियमित अमहाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 14 फरवरी से प्रारम्भ हो रही है।बी.एससी तृतीय वर्ष रसायनशास्त्र की परीक्षा 14 फरवरी, बी.एससी.-प्रथम एवं द्वितीय वर्ष रसायनशास्त्र 21 फरवरी, बी.ए. तृतीय वर्ष भूगोल 22, बी.ए.-प्रथम एवं द्वितीय वर्ष भूगोल 24 फरवरी को होगी। इसी तरह बी.एससी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष भौतिकशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 25 फरवरी को प्रातः 8 बजे से ली जाएगी। प्राचार्य डॉ. रोशन आरा ने बताया कि विश्वविद्यालय के आदेशानुसार अनुपस्थित परीक्षार्थियों के लिए अलग से परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**भिलाई।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवकों की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने चालको के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि अहिवारा निवासी एम सोमेश अपनी बाइक सीजी 7 बीएम7535 से अपने घर जा रहा था। इस दौरान नंदिनी एरोड्रम के पास तेज रफ्तार से आ रही कार सीजी 07 एई 2252 के चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में सोमेश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। जहां रुआबांधा पंथी चौक के पास से सुरेश नामक युवक अपनी बाइक से आटा लेकर अपने घर बोरसी जा रहा था। अन्य बाइक सवार ने सुरेश को चपेट में लिया। हादसे में सुरेश की मौत हो गई।

**आरोप :** अभाविप ने भर्ती प्रक्रिया में लेनदेन की शिकायत कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, की जांच की मांग

# आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षक भर्ती में लेनदेन का आरोप, इंटरव्यू के बीच पूरी प्रक्रिया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

**12, 13 व 14 फरवरी को होना था इंटरव्यू**

**12 फरवरी को 192 उम्मीदवारों का हो चुका था साक्षात्कार**

**13 फरवरी को शिकायत मिलते ही प्रशासन ने रद्द कर दी पूरी प्रक्रिया**

स्वामी आत्मानंद स्कूल में रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर गुरुवार को जमकर बवाल मचा। भाजपा पदाधिकारियों ने ही भर्ती प्रक्रिया पर उंगली उठाई है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी की शह पर अभ्यर्थियों से पैसे की मांग की जा रही है। इस मामले में भाजपा नेताओं ने कलेक्टर कार्यालय घेराव की चेतावनी दी और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कर जांच कराने की मांग की। उधर, भाजपा के आरोप के बाद जिला प्रशासन ने आत्मानंद स्कूलों की भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है।

गौरतलब है कि जिले में स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 83 पदों के लिए 5 दिसंबर 2024 को रिक्त पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था।83 पदों के लिए 4 हजार 416 आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाए थे। छंटनी एवं जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा एक अनुपात 10 में उम्मीदवारों की मेरिट सूची जारी कर उन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। इंटरव्यू की तिथि 12, 13 और 14 फरवरी निर्धारित की गई थी। 12 फरवरी को कल 192 उम्मीदवारों का इंटरव्यू भी लिया जा चुका था। इसी बीच अचानक भर्ती प्रक्रिया को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी ने चयन प्रक्रिया पर भारी लेनदेन का आरोप लगा दिया। इस मामले में जांच व कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। उसके बाद 13 और 14 फरवरी को आयोजित इंटरव्यू को निरस्त करने के साथ ही पूरी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया। हालांकि, तब तक 13 फरवरी को इंटरव्यू देने उम्मीदवार कलेक्टोरेट भी पहुंच चुके थे।



### पारदर्शिता बरतने रद्द की प्रक्रिया

भर्ती प्रक्रिया में आरोप-प्रत्यारोप की कारण उपजे हालात को देखते हुए वास्तविकता जानने के लिए भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किया गया है, ताकि भर्ती प्रक्रिया में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जा सके।

**- कमल कपूर बंजारे,** डीईओ

### 13 को इंटरव्यू देने पहुंचे आवेदकों ने मचाया हंगामा

*इस बीच अचानक चयन प्रक्रिया निरस्त किए जाने का विरोध करते हुए उम्मीदवारों ने जमकर हंगामा भी किया और कई तरह के आरोप लगाए। उम्मीदवारों के पालक भी जो इंटरव्यू की उम्मीद लेकर पहुंचे थे, उन्होंने भी इस तरह इंटरव्यू को अचानक निरस्त किए जाने को लेकर भर्ती प्रक्रिया पर कई सवाल उठाए।*

### शिकायत पर भर्ती प्रक्रिया रद्द

शिकायत की गई है कि भर्ती प्रक्रिया में निर्धारित मापदंड का पालन नहीं किया जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से निरस्त कर दिया है।

**- रणवीर शर्मा, कलेक्टर**

### उम्मीदवारों ने भी लगाया लेनदेन का आरोप

जब भर्ती प्रक्रिया निरस्त की गई और इंटरव्यू के लिए पहुंचे उम्मीदवारों को जब इस बात की जानकारी हुई तब उन्होंने चयन के नाम पर लेनदेन करने की बात कही। बहरहाल यह जांच का विषय आवश्यक ही हो सकता है कि एक तरफ राज्य सरकार जहां शासकीय भर्ती पर पूरी तरह पारदर्शिता बरतने की बात कहती है और निर्धारित मापदंड के तहत पात्र उम्मीदवारों के चयन की बात कहती आ रही है। ऐसी स्थिति में संविदा शिक्षकों की भर्ती के नाम पर लेनदेन का आरोप भाजपा के ही संगठन द्वारा लगाया जाए, तो निश्चित रूप से मामला गंभीर कहा जा सकता है। यह एक जांच का विषय भी हो सकता है कि आखिर लेन-देन किसके इशारे पर हो रहा था और कितनी राशि वसूली की जा रही थी और कितनी राशि वसूल की जा चुकी है।

### जानें पूरी प्रक्रिया, कब क्या हुआ

- कुल रिक्त पदों की संख्या - 83
- विज्ञापन जारी - 5 दिसंबर 2024
- आवेदन की अंतिम तिथि - 16 .12 .2024
- कुल आवेदन मिले - 4416
- मेरिट सूची जारी - 20 जनवरी 2025
- इंटरव्यू कॉल - एक अनुपात 10 की संख्या में
- इंटरव्यू के लिए निर्धारित तिथि : 12, 13 व 14 फरवरी 2025
- प्रथम दिन इंटरव्यू - कुल 192 उम्मीदवार
- भर्ती प्रक्रिया निरस्त - 13 फरवरी

### जिले के इन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में होनी थी भर्ती

जिले के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा शिक्षकों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इस विज्ञापन के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाढ़ी, शिवलाल राठी बेमेतरा, सिंधौरी, कुसमी, हसदा, कठिया रांका, ठेलका, बेरला, थानखम्हरिया, परपोड़ी, राजा मोहगांव, साजा, देवरबीजा, मारो, नांदघाट और नवागढ़ में शिक्षकीय पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

# कल खुलेगा अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी गई है। सभी निकाय में ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा कराया जा चुका है। कल 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से मतों की गिनती शुरू हो जाएगी। बेमेतरा नगर पालिका को लेकर रूझान शुरूआती आधे घंटे में ही मिलने लगेंगे। जबकि परिणाम महज डेढ़ घंटे में ही सामने आ जाएंगे। मतगणना के लिए वार्ड की संख्या अनुसार ही टेबल लगाए जाएंगे। बेमेतरा नगर पालिका के लिए कुल 21 टेबल लगाए जाएंगे। सभी निकायों में अध्यक्ष पदों के मत पार्षदों के साथ में ही गिने जाएंगे। बूथ वार हर वार्ड के राउंड तय होंगे, जिन वार्ड में सिर्फ दो ही बूथ हैं, वहां के परिणाम सबसे पहले मिलेंगे। वहीं सबसे अधिक बूथ वाले वार्ड के परिणाम अंत में सामने आएंगे। ऐसे ही अध्यक्ष प्रत्याशियों को मिलने वाले मतों की गिनती भी अधिकतम पांच राउंड में पूरी हो जाएगी। हालांकि हार-जीत का समीकरण तीसरे राउंड के बाद ही साफ होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र के लिए मतगणना का कार्य दुर्ग रोड स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया जाएगा। ऐसे ही शेष सभी निकायों के लिए मतगणना का काम उनके ही निकाय में पूरी की जाएगी।

- मतगणना स्थल पर प्रशासन ने पूरी की तैयारी, कर्मियों की ड्यूटी तय

### पहले डाकमत्र की होगी गिनती

मतगणना का कार्य 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले एआरओ टेबल पर निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गिनती पूरी होगी। इनके बाद सभी वार्ड की एक साथ पहले राउंड की गिनती होगी। सबसे पहले अध्यक्ष प्रत्याशियों को मिले मत सामने आएंगे। उसके बाद उस राउंड में पार्षद प्रत्याशियों के मत के आंकड़े मिलेंगे। जिसके बाद दूसरे राउंड की गिनती होती।

### पार्षद प्रत्याशी के साथ एक को ही एंट्री

मिली जानकारी के अनुसार मतगणना के लिए निकाय में कुल वार्ड की संख्या अनुसार ही टेबल लगाए जाएंगे। ऐसे में हर पार्षद के साथ केवल एक ही अभिकर्ता को अंदर आने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि अध्यक्ष पदों के प्रत्याशियों को कुल टेबल के अनुसार अभिकर्ता लेने की अनुमति होगी। जैसे बेमेतरा अध्यक्ष प्रत्याशियों को अ टेबल के लिए अ अभिकर्ता की अनुमति दी जाएगी।

### ट्रक की ठोकर से बाइक क्षतिग्रस्त, मामला दर्ज

**बालोद।** ट्रक की ठोकर से मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। ग्राम झलमला निवासी अशोक कुमार ने बताया कि 10 फरवरी को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 पी 5127 से शाम को होलसेल दुकान से सामान खरीदने गया था। अपनी मोटर सायकल को खड़ा कर दुकान में सामान खरीदने अंदर चला गया। इस दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएस 7040 का सामान उसी दुकान (गोदाम) में खाली किया जा रहा था। सामान खाली होने के बाद ट्रक के चालक ने बाहर खड़ी मोटरसायकल को ठोकर मार दी। इससे मोटर साइकिल का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ग्राम कोदवा में दूसरे राज्यों के लोगों ने डाला डेरा, पुलिस ने अचानक पहुंचकर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने संपत्ति संबंधी अपराध में नियंत्रण करने एवं "सशक्त एप" (एप्लिकेशन)के माध्यम से वाहनों की जांच कर गुम या चोरी हुए वाहनों की पतासाजी करने के संबंध में सायबर सेल एवं समस्त थाना व चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

इसके तहत 13 फरवरी को थाना साजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोदवा में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह एवं अन्य थाना स्टाफ द्वारा ग्राम कोदवा में डेरा लगाकर ठहरे महाराष्ट्र के ग्राम नागापुर थाना बैजनाथ पटली, बीड जिले के लोगों की आकस्मिक जांच की गई। डेरा में ठहरे लोगों के आधार कार्ड की जांच कर थाने में मुसाफिर दर्ज कराने को कहा गया। डेरे में रखी सभी मोटर सायकिल की "सशक्त एप" के माध्यम से जांच की गई।



- सशक्त एप के माध्यम से की गई डेरे में रखी मोटर सायकिलों की जांच

### अनजान लोगों को गांव में ठहरने न दें और पुलिस को सूचित करें

ग्राम कोटवार एवं आम नागरिकों को भी बताया गया कि किसी भी अंजान लोगों को गांव में ठहरने न दें। साथ ही पुलिस थाना को सूचित करें। किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति के दिखने एवं कहीं बाहर से आकर रूकने पर, इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही मकान मालिकों को बाहरी व्यक्तियों की सूचना मकान किराए में देने के पूर्व थाने में नोट कराने की हिदायत दी गई। आम नागरिकों से अपील की गई कि बाहरी व्यक्तियों को किराए पर मकान देने से पूर्व इसकी सूचना अनिवार्य रूप से थाना में नोट कराएं।

# स्कूल में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



साजा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मातृ-पितृ पूजन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने मध्याह्न भोजन रसोइया बहनों ओमबती साहू, श्याम बाई ध्रुव एवं चम्पाबाई पटेल को भी आमंत्रित किया।

बच्चों ने उनका ग़ुलाल लगाकर स्वागत किया तथा चरण छूकर आशीर्वाद लिया। शिक्षिका कनकलता सरसुधे ने बताया कि राष्ट्रीय महिला दिवस 13 फरवरी को सरोजिनी नायडू के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने कहा कि यह दिन नाइटिंगेल ऑफ़ इण्डिया सरोजिनी नायडू की जयंती को मनाने के लिए मनाया जाता है। वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सर्वाधिक मान्यता प्राप्त व्यक्तियों में से एक हैं। उन्होंने भारत की प्रथम महिला राज्यपाल बनकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह दिन माता-पिता के सम्मान, प्यार एवं देखभाल के लिए समर्पित है।

# जमीन विवाद में आपस में भिड़े एक ही परिवार के लोग, हमले में दो महिलाओं सहित 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बुधवार रात लगभग 9 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कोहंगाटोला में जमीन विवाद के चलते खूनी संघर्ष हो गया।

एक ही परिवार के लोग एक-दूसरे की जान के दुश्मन बन गए और लोहे की रॉड से लेकर कई अन्य हथियारों से एक-दूसरे पर वार कर दिया। मारपीट की घटना में दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए, जिनका इलाज जिला अस्पताल बालोद में जारी है, जहां अनिल सोनकर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना के बाद दोनों ही पक्ष के लोग बुधवार देर रात ही बालोद थाना पहुंचे थे। शिकायत पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धारा 118(1), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज जांच शुरु कर दी है।

- बुधवार रात लोहे की रॉड सहित अन्य हथियारों से एक-दूसरे पर किया वार

# सामग्री वितरण के समय नशे में मिला मतदान अधिकारी, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पंचायत गुरूर में निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर शासकीय बालक आश्रम बगदाई के प्रधानपाठक रविन्द्र कुमार साहू को निलंबित किया है।

जारी आदेश के अनुसार रविन्द्र कुमार साहू की नगर पंचायत गुरूर के मतदान दल क्रमांक 02 मतदान केन्द्र क्रमांक 13 में मतदान अधिकारी 01 के रूप में ड्यूटी निर्धारित थी। वे 10 फरवरी 2025 को मतदान सामग्री वितरण के समय शराब के नशे में पाए गए। इस संबंध में रिटर्निंग आफिसर नगर पंचायत गुरूर के द्वारा चिकित्सा प्रतिवेदन सहित प्रस्ताव प्राप्त होने के फलस्वरूप उन्हें सिविल सेवा आचरण (नियंत्रण, वर्गीकरण एवं अपील) नियम 1965 के (1), (2), (3) तथा नियम 8 में निहित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबित अवधि में उनका मुख्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड गुरूर में रहेगा।

### आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत, जनपद सदस्य प्रत्याशी को नोटिस जारी

**डौंडीलोहारा।** रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत डौण्डीलोहारा के द्वारा जनपद क्षेत्र क्रमांक 16 की प्रत्याशी निशा हरीश बर्मन की शिकायत पर 13 फरवरी को ग्राम धनगांव निवासी गणेशिया बघेल के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जनपद निर्वाचन क्षे.क्र. 16 की प्रत्याशी गणेशिया बाई भाजपा के शीर्ष नेताओं का फोटो लगाकर भ्रामक प्रचार कर लोगों से छल कपट किया जा रहा है। श्रीमती बर्मन ने बताया कि भाजपा जिला संगठन द्वारा मुझे भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। इस प्रकार चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। शिकायत पर नोटिस जारी कर उक्त संबंध में पत्र प्राप्ति के तत्काल बाद रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411



**जन्मदिन उत्सव**

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप




### मतदान के दूसरे दिन सरकारी कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

**रायपुर।** जिले में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे दिन जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। चुनाव ड्यूटी के कारण कई कर्मचारी बुधवार को ड्यूटी पर सुबह समय पर पहुंच नहीं पाए, वहीं कई कर्मचारी थकान मिटाने के लिए छुट्टी पर भी रहे। यह स्थिति तहसील कार्यालय में भी देखने को मिली। रायपुर नगर निगम सहित पांच नगर पालिका परिषद एवं पांच नगर पंचायत चुनाव के लिए मंगलवार को वोटिंग हुई है। इसके लिए प्रशासन ने स्कूल विभाग से लेकर जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की मतदान केंद्रों में ड्यूटी लगाई थी। मतदान दल कर्मी वोटिंग से एक दिन पहले ही चुनाव सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए थे, जो रातभर मतदान केंद्रों में ठहरने के बाद दूसरे दिन मतदान केंद्रों में ड्यूटी करते हुए मतदान कराया। वोटिंग के बाद सभी मतदान दल देर रात तक सेजबहार लौटते रहे और ईवीएम मशीनों को जमा कराया। इस तरह दो दिन तक मतदान कर्मियों को पसीना बहाना पड़ा। इससे कई कर्मचारी अपनी थकान मिटाने के लिए अवकाश पर रहे, वहीं कर्मचारी विलंब से पहुंचे।

### ब्रेकअप करने की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में गोंदवारा निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ ब्रेकअप करने की बात से नाराज होकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। 31 वर्षीय महिला ने गौरव सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि गौरव के साथ उसका पूर्व में प्रेम प्रसंग था। पांच महीने से बातचीत बंद होने से नाराज गौरव महिला के घर पहुंचा और उससे बातचीत नहीं करने की बात को लेकर विवाद करते हुए मारपीट की।

### सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**रायपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार कई जगहों पर किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 8 मार्च तक जारी रहेगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि शिविर का शुभारंभ बेबीलोन टॉवर रायुपर, टाटीबंध, नया रायपुर और बलौदाबाजार में एक साथ किया गया। इस शिविर में भारी संख्या में शिक्षक और अन्य लोग शामिल होंगे।

### लाखों मतदाता मताधिकार से वंचित लोकतांत्रिक अधिकार का हनन

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन के कारण लाखों मतदाताओं के प्रभावित होने और



मताधिकारों से वंचित होने पर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, चुनाव आयोग द्वारा परिसीमन का प्रचार प्रसार नहीं करने, मतदाता पर्ची वितरण नहीं करने, मतदाता सूचियों में त्रुटियां, सैकड़ों मतदाताओं के मतदान केंद्र, वार्ड बदलने के साथ ही कईयों के वोटिंग लिस्ट से नाम गायब थे। चुनाव आयोग के इस कुप्रबंधन के कारण लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो गए हैं, जो सीधे सीधे उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, जो लोकतंत्र की आधारशिला को कमजोर करता है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग कि यह जिम्मेदारी है कि निष्पक्ष और निर्भीक तरीक़े से मतदान कराने के लिए मतदाता सूची तैयार करने से लेकर मतदान केंद्र और मतगणना केंद्र तक चुनाव प्रक्रिया को सही तरीक़े से सम्पन्न कराए।

# मतदान पूरा होने के बाद अब सफाई और राजस्व वसूली पर निगम का फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब निगम प्रशासन शहर की सफाई और बकाया राजस्व वसूली पर ध्यान केन्द्रित करेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को गांधी सदन में बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने देश व्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के कार्य और आवश्यक तैयारियों में जुट जाने के लिए निर्देश भी दिये।

- गांधी सदन में निगम आयुक्त ने ली बैठक

## बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली तेज करने निर्देश




### ये रहे उपस्थित

गांधी सदन में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, विनोद पांडेय, पंकज शर्मा, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, बद्री चंद्राकर, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, जसदेव सिंह बाबरा , स्वास्थ अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, राजस्व अधिकारी छीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, योगेश कडू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरा होने पर नगर निगम के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशासनिक दायित्व अच्छी तरह से निर्वहन करने प्रोत्साहित किया। इस मौके पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दस जोन के सभी बड़े बकायादारों से शत-प्रतिशत बकाया राजस्व वसूली उन्हें जारी किये डिमांड बिल के अनुरूप करने की हिदायत दी। खाली भूखंडों पर कचरा फेंकने पर जुर्माना की कार्यवाही कर संबंधित भूखंड धारकों को नोटिस देकर ग्रीन नेट लगवाने की व्यवस्था करवाने निर्देशित किया।

## मिडिल क्लास लोगों के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही

# केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा- इन्कम टैक्स में कटौती का छत्तीसगढ़ के 12 लाख लोगों को होगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बुधवार को मोदी सरकार के केंद्रीय बजट के बारे में जानकारी देने रायपुर आए। छत्तीसगढ़ को होने वाले फायदों को एक-एक कर गिनाया। उन्होंने बताया कि एक तरफ इंकम टैक्स में कटौती से प्रदेश के 12 लाख लोगों को सीधा फायदा होगा। वहीं अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए दो करोड़ का टर्म लोन देने के साथ कौशल विकास योजना से प्रदेश के 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

- इंफ्रास्ट्रक्चर में 2 लाख करोड़ का निवेश

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने केंद्रीय बजट पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, प्रधानमंत्री की सोच है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। भारत में मिडिल क्लास लोगों के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, इसके साथ बजट का सरलीकरण हो रहा है, जिसे कल हम लोकसभा में पेश करेंगे। उन्होंने कहा, युवा का समर्थ बढ़ाने के लिए हमारे देश में आज तक रिसर्च के लिए बहुत कम ध्यान दिया गया। रिसर्च माइंडसेट डेवलप करने के लिए काम कर रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा बल दे रहे हैं। स्टार्टअप की संख्या बढ़ रही है। ये सब देखने के लिए स्टार्टअप 10 हजार करोड़ रुपए का हमने प्रावधान किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर में 2 लाख करोड़ इन्वेस्ट किया है। 2014 से पहले यह बहुत कम था।

### मिडिल और लोअर मिडिल क्लास के सपनों को किया साकार

उन्होंने कहा, इंकम टैक्स के साथ-साथ अन्य स्लैब भी हमने बहुत कम किया है। 12 लाख के साथ-साथ 18 लाख रुपए की इंकम वालों का भी 17 हजार रुपए कम हो रहा है। एक समय था, जब एक मिडिल क्लास परिवार के लिए डॉक्टर बनना संभव ही नहीं था। हमने पिछले पांच सालों में मिडिल और लोअर मिडिल क्लास के परिवार के सपनों को साकार करने का कार्य किया है।



### अजा और अजजा महिलाओं के लिए टर्मलोन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए दो करोड़ का टर्मलोन की तैयारी की है। बिजनेस शुरू करने के लिए पांच लाख महिलाओं को 2 करोड़ का टर्मलोन दिया जाएगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके। किसान क्रेडिट कार्ड को 3 से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है।

### छग में 10 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की संभावना है, जिसका आदिवासियों को सीधा लाभ मिलने वाला है। आदिवासी क्षेत्रों के लिए बुनियादी ढांचों के लिए तैयारी की गई है, इससे सभी आदिवासियों को बड़ा फायदा होने वाला है। अमृतकाल को ध्यान में रखते हुए 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए बजट तैयार किया है।

### हर प्रदेश में पर्यटन को विकसित किया जाएगा

उन्होंने कहा, रेलवे को 2025-26 में 6 हजार 925 करोड़ से अधिक दिया गया है। रेलवे के आधुनिकरण और विकास के लिए यह महत्वपूर्ण रहने वाला है। पर्यटन क्षेत्र में पचास हजार रोजगार देने का बजट तैयार किया है। जिससे हर प्रदेश में पर्यटन को विकसित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में कौशल विकास के लिए योजना तैयार की गई है।

### रिसर्च के लिए हजारों करोड़ निवेश

प्राइवेट सेक्टर में रिसर्च का जिक्र करते हुए श्री जोशी ने कहा, प्राइवेट सेक्टर में 20 हजार करोड़ और साइंटिफिक सेक्टर में रिसर्च के लिए 10 हजार करोड़ इन्वेस्ट किया है। हम बहुत बड़ा फंड तैयार कर रहे हैं। मेडिकल फील्ड के लिए कई वायरस जैसे कोविड व अन्य पर रिसर्च के लिए बड़ा फंड जारी किया है।

### इंफ्रास्ट्रचर डेवलप करने बड़ी राशि निवेश

उन्होंने कहा, फूड डिलीवरी वालों के लिए स्वास्थ बीमा देने का काम किया है। सामान्य आदमी सोचता है, पैसा नहीं है, स्टार्टअप नहीं करेंगे, ऐसी नौबत नहीं आनी चाहिए, इसके लिए भी हमने तैयारी की है। इंडियन लेदर को बढ़ावा देने का कार्य किया है। इंडियन इंफ्रास्ट्रचर डेवलप करने के लिए 5 लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया है।

# जय अंबे इमरजेंसी सर्विस के दफ्तर में आईटी सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में 108 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराने वाली जय अंबे एजेंसी के कार्यालय में आयकर के आधा दर्जन से ज्यादा अफसरों ने दबिश दी है। आईटी अफसर वित्तीय अनियमितता की शिकायत मिलने पर जय अंबे में सर्वे करने बुधवार दोपहर को पहुंचे थे, जहां अफसरों ने छह घंटे से ज्यादा समय तक 108 सर्विस प्रोवाइडर के संस्थान में दस्तावेजों की पड़ताल की है।

- वित्तीय अनियमितता के आरोप में सर्वे की कार्रवाई

आईटी अफसरों की टीम अवंति विहार स्थित जय अंबे के ऑफिस में जांच करने पहुंची थी। 108 सर्विस प्रोवाइडर के यहां सर्वे करने पहुंची आईटी की टीम ने दस्तावेजों की पड़ताल करने के साथ ही कंम्प्यूटर, लैपटॉप की जांच की। सूत्रों के मुताबिक कई दस्तावेजों को आईटी की टीम जांच करने अपने साथ लेकर गई है। सूत्रों के मुताबिक बड़े पैमाने पर जमीन की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ियों और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के बाद जांच करने टीम पहुंची है। आयकर विभाग कार्रवाई के दौरान सभी संदिग्ध लेन-देन और संपत्तियों की बारीकी से जांच कर रहा है।




### खर्च बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था

आईटी की टीम ने प्रारंभिक पड़ताल में पाया है कि कंपनी ने अपनी स्थापना लागत और खर्चों को अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था, जो कर देनदारी से बचने के लिए फर्जी बिलिंग के तौर पर उपयोग किया जा रहा था। आश्चर्यजनक रूप से कंपनी किराए की बिल्डिंग में संचालित होने के बावजूद असामान्य रूप से ऊंचे खर्च दर्शा रही थी।

### कई कंपनियों में डायरेक्टर

जांच में पता चला है कि कंपनी के डायरेक्टर जोगेंद्र सिंह कई कंपनियों में निदेशक के रूप में जुड़े हैं, जिनमें मां मदवारानी कोल बेनेफिशिएशन प्राइवेट लिमिटेड, फेसिक फोर्जिंग प्राइवेट लिमिटेड, अरंश प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, किंग रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड, प्रगति ट्रांसमूवर्स प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (आई) प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड, यूनाइटेड इमरजेंसी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और जय अंबे एक्जिजेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इसी तरह एक अन्य डायरेक्टर धर्मेंद्र सिंह अचकन्न क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (आई) प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड, डिलिजेंस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, यूनाइटेड इमरजेंसी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे एक्जिजेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और डिलिजेंस हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन से जुड़े हुए हैं।

# बीमारी से तंग आकर अकाउंटेट ने बेबीलॉन टावर की सातवीं मंजिल से कूदकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नौकरी छूटने तथा बीमारी से तंग आकर मूलतः मध्यप्रदेश, बालाघाट निवासी पेशे से अकाउंटेट ने तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित बेबीलॉन टॉवर की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया है। मृतक ने जिस होटल की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की है, वह वहां पूर्व में अकाउंटेट की नौकरी करता था। नौकरी छूटने के बाद वह कचना स्थित किसी अन्य होटल में अकाउंटेट की नौकरी कर रहा था, जहां उसकी सैलेरी कम थी। इस वजह से मृतक अपना परिवार चलाने के साथ अपनी बीमारी का इलाज नहीं करा पा रहा था। मृतक किडनी की बीमारी से परेशान था।

- खुदकुशी करने के कुछ देर पहले मृतक ने अपनी पत्नी से बात की थी
- युवक पूर्व में बेबीलॉन टॉवर में अकाउंटेट का काम करता था

लोधीपारा में किराए के मकान में रहने वाले विजय बसोने ने होटल की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की है। विजय विवाहित था, उसकी एक डेढ़ साल की बेटी है। विजय रायपुर में अपनी पत्नी, बेटी तथा पिता के साथ रह रहा था। पुलिस के अनुसार विजय अपनी बीमारी का इलाज कराने तथा परिवार चलाने पार्ट टाइम जॉब की तलाश कर रहा था। पार्ट टाइम जॉब नहीं मिलने से वह परेशान था। इसीलिए विजय की पुलिस ने खुदकुशी करने की आशंका व्यक्त की है। होटल कर्मियों से मिली जानकारी के मुताबिक बगैर किसी को बताए विजय होटल के अंदर दाखिल हो गया और सातवीं मंजिल में पहुंच गया। वहां वह कुछ देर टहलने के बाद अचानक रेलिंग से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली।



### पत्नी से कहा इलाज कराने जा रहा हूं

विजय सुबह अपनी पत्नी को तबीयत खराब होने की बात कह कर बगैर नाश्ता किए घर से निकल गया। दोपहर तक विजय घर नहीं पहुंचा, तो विजय के पास उसकी पत्नी ने कॉल किया और अपने पति का हाल-चाल पूछते हुए इलाज कराने के बारे में जानकारी ली। इस पर विजय ने घर आने के बाद बात करने की बात कह कर मोबाइल कट कर दिया। मोबाइल कट करने के कुछ देर बाद विजय ने खुदकुशी कर ली। विजय की पत्नी घर में टेलरिंग का काम करती है।


# इस बार फरवरी में ही कम हो गई ठंड, सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा तापमान के साथ बीती राजधानी में रातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फरवरी में 10-11 डिग्री तक पहुंचने वाला न्यूनतम तापमान इस बार 15 डिग्री से नीचे नहीं उतर पाया है। पश्चिमी विक्षोभ ने उत्तर की ठंडी हवा को असरदार नहीं होने दिया और राजधानी की 12 रातें पांच डिग्री तक ज्यादा तापमान के साथ बीत गईं। मौसम में अभी उतार-चढ़ाव की संभावना तो है, मगर ज्यादा ठंड की वापसी अब नहीं होगी।

- पश्चिमी विक्षोभ ने कम किया उत्तरी हवा का प्रभाव, 15 से नीचे नहीं गया पारा

इस बार भारतीय सीमा को प्रभावित करने वाला पश्चिमी विक्षोभ कुछ ज्यादा ही हावी रहा। इसकी वजह से उत्तर से ठंडी लेकर आने वाले शुष्क हवा का असर कम दिनों रहा। जनवरी तो जैसे-तैसा गुजरा और फरवरी आते ही जैसे ठंड गायब सी हो गई। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है विक्षोभ के प्रभाव से छाने वाले बादल रात के तापमान को कम नहीं होने दिया जिसकी वजह से फरवरी में ठंड असरदार नहीं हो पाई। सामान्यतः इस माह का न्यूनतम तापमान 10 से 14 डिग्री से कम रहता है, मगर इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ और पारा 15 डिग्री ने नीचे झुकने की हिम्मत नहीं दिखा पाया। उत्तरी इलाकों में तो ठंड रही मगर मध्य और बस्तर में फरवरी सामान्य से ज्यादा तापमान के साथ बीत रही है। आने वाले दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव होगा मगर इसकी वजह ठंड की वापसी रायपुर समेत मध्य इलाके में होने की संभावना कम है।



### इस तापमान में बीती शहर की रातें

| फरवरी | न्यूनतम पारा |
|---|---|
| 12 | 20.8 |
| 11 | 20.4 |
| 10 | 16.3 |
| 09 | 15.3 |
| 08 | 18.3 |
| 07 | 17.8 |
| 06 | 20.8 |
| 05 | 20.6 |
| 04 | 20.4 |
| 03 | 19.7 |
| 02 | 19.8 |
| 01 | 20.3 |

### तीन डिग्री तक गिरावट के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार जम्मू-कश्मीर और उसके आसपास स्थित पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने की संभावना है। इसकी वजह से उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ होने के आसार बन रहे हैं। अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इसका बड़ा असर उत्तरी हिस्से में होने की संभावना है। रायपुर और जगदलपुर का न्यूनतम तापमान चार से पांच डिग्री अधिक है।

# 30 हजार से अधिक राशन कार्ड का नहीं हुआ नवीनीकरण इनमें 3 लाख से अधिक सदस्यों का केवाइसी भी नहीं, होंगे रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में 30 हजार से अधिक राशन कार्ड धारकों ने अब तक कार्डों का नवीनीकरण नहीं कराया है, वहीं इन कार्डों में 3 लाख से अधिक सदस्य भी हैं जिनके द्वारा अभी तक ई-केवाइसी भी नहीं कराया गया है। इस तरह जिले में नवीनीकरण और ईकेवाइसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड धारकों के कार्ड अब मार्च से रद्द किए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है, क्योंकि नवीनीकरण व केवाईसी कराने की 31 मार्च अंतिम तारीख है। इसके बाद छूटे धारक अपने कार्ड का नवीनीकरण नहीं करा पाएंगे।

### कई बार बढ़ी तारीख, फिर भी नहीं करा रहे नवीनीकरण : केवाइसी

फर्जी राशन में होने वाली गड़बड़ी को रोकने और पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न मिल सके। इसके लिए भारत सरकार ने राशन कार्ड के सभी सदस्यों के ईकेवाइसी कराया जा रहा है। ईकेवाइसी के माध्यम से प्रत्येक राशन कार्ड के सदस्य को राशन दुकान की बायोमेट्रिक सिस्टम में आधार कार्ड से कार्ड को जोड़ा जा रहा है। इसके लिए उसका फिंगर भी स्कैन कराया जा रहा है ताकि सत्यापित हितग्राही सदस्यों को इस योजना का लाभ मिल सके। इस अभियान को शुरू हुए करीब दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक रायपुर जिले में 3 लाख से अधिक कार्ड सदस्यों ने केवाइसी नहीं कराए हैं। इधर एक ओर जहां भारी संख्या में सदस्यों द्वारा केवाइसी नहीं कराया है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद कांग्रेश शासन काल के राशन कार्ड को रद्द कर नए राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए प्रत्येक कार्ड धारक के मुखिया को नवीनीकरण कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है, लेकिन जिले में अभी तक 30 हजार से अधिक कार्ड धारकों ने नवीनीकरण भी नहीं कराए हैं।

## 31 मार्च के बाद नहीं होगा नवीनीकरण-ईकेवाइसी



### अधिकारियों की बढ़ी परेशानी

नवीनीकरण और केवाइसी नहीं कराने वाले कार्ड धारक व सदस्यों के कारण अब खाद्य विभाग के अधिकारी भी परेशान है। शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र हितग्राही का राशन कार्ड रद्द नहीं हो। शासन की इस मंशा को देखते हुए विभाग भी छूटे हुए कार्ड धारकों को नवीनीकरण कराने का अवसर देते हुए अंतिम तारीख आगे बढ़ाने के लिए लगातार शासन को प्रस्ताव भेज आ रहा है। ये प्रस्ताव प्रदेश के कई जिलों से शासन को भेजे गए हैं। इसे देखते हुए शासन द्वारा भी नवीनीकरण की तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है, लेकिन अब विभागीय अधिकारी तारीख बढ़ाने से परेशान होने लगे हैं, क्योंकि तारीख बढ़ाए जाने के बाद भी छूटे कार्ड धारक न ही नवीनीकरण करा रहे है और न ही सदस्य केवाइसी करा रहे हैं।

### नाम काटे जा रहे

जिले में अब तक नवीनीकरण नहीं करा पाए कार्ड को रद्द करने की कार्यवाही शुरू नहीं की गई है, लेकिन सदस्यों के नाम काटने की कार्यवाही जारी है। विभाग ने केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों का पता लगाने के लिए सभी राशन दुकान संचालकों को निर्देश दिए हुए है। इस निर्देश के तहत राशन दुकान के संचालक मृत्यु हो चुकी या दूसरे जिले या राज्य में जाकर बस चुके सदस्यों के नाम की पहचान कर इसकी जानकारी विभाग को दी जा रही है। इस रिपोर्ट के आधार पर विभाग अब ऐसे सदस्यों के नाम कार्ड से काटने की कार्यवाही कर रहा है। जिले में अब तक ऐसे सैकड़ों सदस्यों के नाम काटे भी गए हैं।

# विभागीय बजट का आकार तय करने 6 मंत्रियों के साथ वित्तमंत्री ने किया मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य बजट प्रस्तावों एवं नवीन मद प्रस्तावों पर वित्तमंत्री के साथ बुधवार को छह मंत्रियों के विभागों पर चर्चा की गई। वित्तमंत्री ओपी चौधरी की मौजूदगी में मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ उनके विभाग के बजट और नवीन प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

- शेष मंत्रियों से चर्चा के बाद तय होगा राज्य का नया बजट

वित्तमंत्री ने चर्चा के बाद बजट प्रस्तावों के आधार पर विभागीय बजट का आकार तय किया। बताया गया है कि नए बजट में सभी विभागों के बजट का आकार 5 से 10 प्रतिशत तक ही बढ़ाया जाएगा। वित्तीय प्रावधानों के आधार पर इसे आने वाले दिनों में अन्य विभागों के मंत्रियों के साथ बैठक कर तय किया जाएगा। बताया गया है कि पंचायत और ग्रामीण विकास के अलावा नक्सल क्षेत्रों में विकास के नए कार्य स्वीकृति को मंजूरी दिए जाने के संकेत चर्चा के दौरान दिए गए हैं।

फिलहाल सचिव स्तरीय बैठक के बाद अंतिम दौर में मंत्रियों से चर्चा का राज्य के बजट को अंतिम रूप दिए जाने का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बजअ सत्र आगामी 24 फरवरी से शुरू हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### पवार क्षत्रिय संगठन का हुआ स्नेह सम्मेलन

**रायपुर।** चंगोराभाठा सभा भवन रायपुर में समाज जन एवं मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति में रविवार को 40वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष रमेश राहंगडाले ने कहा कि समाज के संस्कारों को सहेज कर रखने और एकता बनाए रखने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदलाल चौधरी संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग छग शासन एवं विशिष्ठ अतिथि राजेंद्र प्रसाद पटले, ने किया। कार्यक्रम में बच्चों के रंगोली, दौड़ प्रतियोगिता हुई, विजेताओं को पारितोषिक वितरित किया गया।

### पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन 9 मार्च को



**रायपुर।** रायपुर ब्राइट फाउंडेशन द्वारा सभी जाति, समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा महिलाओं, पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें अविवाहित युवक-युवतियां तथा उम्र दराज अविवाहित महिलाएं भी शामिल हो सकती हैं। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सत्संग भवन में आगामी 9 मार्च को होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सस्था की बैठक हुई। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल और अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने कहा कि इस वर्ष के परिचय सम्मेलन के लिए महिलाओं का पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एवं युवतियां इसका लाभ उठा सकें। आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों का विवाह तय होता है उनका निशुल्क आदर्श विवाह भी किया जाएगा। संस्था का कार्यालय सप्रे स्कूल बुढ़ापारा रायपुर के सामने स्थित है जहां प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 7 बजे तक इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### केंद्रीय मंत्री को चैंबर ने बजट प्रावधान सुझाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को बजट 2025 में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव के संबंध में ज्ञापन सौंपा। सम्मेलन में चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने केन्द्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा, केंद्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर केंद्रित होने का साथ ही विकासपरक है। राजधानी के वीईपी रोड स्थित बेबीलोन कैपिटल में केन्द्रीय बजट 2025-26 बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में चेंबर प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग मंत्री शामिल हुये। इस मौके पर प्रतिनिधी मंडल ने बजट में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

# दूसरों की जिंदगी संवार रही दान में मिली त्वचा, स्किन बैंक को मिले अब तक 22 डोनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मृत्यु के बाद किडनी, लिवर, आंखों के साथ त्वचा भी दूसरों की जिंदगी संवारने के काम आ रही है। ब्रेनडेड के अलावा सामान्य मृत्यु वालों की त्वचा भी परिवारवालों द्वारा स्किन बैंक में डोनेट की गई है। डीके अस्पताल में संचालित स्किन बैंक को अब तक 22 डोनर मिल चुके हैं। इनकी त्वचा का उपयोग प्लास्टिक सर्जरी के दौरान जरूरतमंद मरीजों के लिए किया जा रहा है।

डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में करीब दो साल से शासकीय स्तर पर प्रदेश का पहला स्किन बैंक संचालित किया जा रहा है। अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण एक्ट के तहत किसी की मृत्यु के बाद परिवार की रजामंदी से प्राप्त की गई त्वचा यहां सुरक्षित रखी जाती है। अब तक विभिन्न अस्पतालों में जान गंवाने वाले 22 लोगों की त्वचा यहां दान में प्राप्त हुई है। एक न्यूनतम तापमान में उक्त त्वचा को सुरक्षित रखा जाता है और अस्पताल में संचालित प्लास्टिक सर्जरी विभाग में आने वाले मरीजों की जिंदगी संवारने के लिए इन त्वचा का उपयोग किया जाता है। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के चिकित्सकों के मुताबिक विभिन्न तरह के हादसों के शिकार होकर ऐसे मरीज अक्सर अस्पताल पहुंचते हैं जिनका जख्म भरने के लिए ऑपरेशन की आवश्यकता होती है।

आमतौर पर सर्जरी के लिए संबंधित मरीज की त्वचा का उपयोग किया जाता है मगर संभव नहीं होने पर उनकी सहमति से स्किन बैंक में रखी गई त्वचा की मदद से उनके जख्म भरने और हादसों के निशान मिटाने का प्रयास किया जाता है।

### त्वचा संबंधित बीमारी वालों को छोड़कर

चिकित्सकों ने बताया कि किडनी, लिवर जैसे अंग केवल ब्रेनडेड होने वाले मरीजों से प्राप्त किया जाता है। त्वचा का दान सामान्य मृत्यु के बाद किया जा सकता है। कैंसर पीड़ित, हेपेटाइटिस के मरीज, त्वचा रोग वाले मरीज और एचआईवी संक्रमित मरीजों की त्वचा दान में नहीं ली जा सकती। स्किन डोनेट करने वालों के लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है।

- डीके अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी के दौरान उपयोग हो रही त्वचा
- ब्रेनडेड के अलावा सामान्य मृत्यु के बाद भी दान की स्किन




*सर्जरी में मिल रही मदद : दान में मिलने वाली त्वचा को स्किन बैंक में सुरक्षित रखा जाता है। आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग प्लास्टिक सर्जरी के मरीजों के लिए किया जाता है।*
*- डॉ. हेमंत शर्मा, उपअधीक्षक, डीके अस्पताल*

### जागरूकता का प्रयास भी

प्लास्टिक सर्जरी विभाग के चिकित्सकों के अनुसार त्वचादान के संबंध में जागरुकता लाने के लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों को यह समझाने की कोशिश की जाती है कि मृत्यु के शव को जलाया जाता है अगर त्वचा सहित अन्य अंगों का दान किया जाए तो यह दूसरों की जिंदगी संवारने के काम आ सकती है।

## एमपी, केरल सहित कई राज्यों में मिलवाटखोरों पर एफआईआर का प्रावधान

# मिलावटखोरी के खिलाफ जुर्माने की रस्म अदायगी आपराधिक दंड के अभाव में थम नहीं रही मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य पदार्थों में मिलावट कर लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई महज रस्म अदायगी है। मध्यप्रदेश, केरल सहित कई राज्यों में ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाता है जहां उनकी गिरफ्तारी भी होती है। जबिक छत्तीसगढ़ खाद्य एवं औषधि प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ जांच करता है, सैंपल लिए जाते हैं और मामला सक्षम न्यायालय में सालों पेडिंग के बाद केवल जुर्माने के बाद समाप्त हो जाता है। जिसकी वजह से मिलावटखोरों के हौसले बुलंद रहते हैं।

खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अन्य राज्यों में सख्ती बरती जाती है। मामले में पुलिस में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है और उनकी गिरफ्तारी भी होती है। छत्तीसगढ़ में ऐसा नहीं किया जाता, किसी मामले कार्रवाई के लिए गए सैंपल की रिपोर्ट के आधार सक्षम न्यायालय में प्रकरण पेश किया जाता है जहां दो से तीन साल बाद प्रकरण में जुर्माना अथवा कुछ दिनों की सजा का फैसला सुनाया जाता है। इसकी वजह से मिलावटखोरों में कार्रवाई का कोई खास डर नहीं होता और उनका काम बेखटके जारी रह जाता है। विभाग से जुड़े सेवानिवृत अधिकारियों और विधि विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि नियम के तहत कार्रवाई किए जाने के साथ ही आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने और मामले में गिरफ्तारी किया जाना आवश्यक है।

**छत्तीसगढ़ में जांच, सैंपल रिपोर्ट के संबंधित न्यायालय में मामला, सालों बाद फैसला**



यह तो हद है... मिलावट का पहला मामला, 23 क्विंटल गुड़ बरामद

**गुड़ में स्टोन का डस्ट...कवर्धा में पकड़ाई फैक्ट्री, 310 क्विंटल पावडर जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/कवर्धा

पनीर, दूध, मसाले, तेल या घी में मिलावट का खेल पुराना है। इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में पहली बार गुड़ में स्टोन का डस्ट (पावडर) मिलाने का गोरखधंधा सामने आया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने कवर्धा के जंगलपुर से 23 क्विंटल मिलावटी गुड़ तथा 310 क्विंटल स्टोन पावडर बरामद किया गया है। मिलावट का यह खेल गुड़ का वजन और शीरा बढ़ाने के लिए किया जाता था।

बरामद किए गए गुड़ और 620 बोरी में भरे स्टोन पावडर की कीमत 28 लाख 37 हजार रुपए आंकी गई है। मां दुर्गा गुड़ उद्योग हलधर चंद्रवंशी की है जो काफी समय से निजी लाभ के लिए लोगों के किडनी को डैमेज करने वाला गुड़ तैयार कर बाजार में खपाता था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को सूचना मिली थी गुड़ में मिलावट किया जा रहा है इस आधार पर उनके द्वारा इससे संबंधित उद्योग पर नजर रखा जा रहा था। राज्य में छोटे-बड़े करीब छह सौ गुड़ उद्योग हैं जिसमें से चार सौ का संचालन कबीरधाम जिले में किया जाता है। सूचना के आधार पर विभागीय टीम ने मां दुर्गा गुड़ उद्योग जंगलपुर तहकुंडा में छापेमारी की। वहां गुड़ बनाने काम काम चल रहा था और मिलावट का खेल भी जारी था। जांच टीम को फैक्ट्री में 620 बोरियों में भरा सफेद पावडर मिला जो मार्बल के कटिंग के दौरान एकत्रित किया जाता है। इसके अलावा फैक्ट्री में पीपे में भरकर रखे 23 क्विंटल गुड़ भी मिला जिसे जब्त किया गया है और जांच के लिए सैंपल लिया गया है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि प्रदेश में गुड़ में मिलावट का यह मामला है। गुड़ का वजन बढ़ाने और शीरा के साथ चमक बढ़ाने के लिए उसमें सफेद पावडर मिलाया जाता था जिसे उत्तरप्रदेश से मंगाया जाता था।

खास खबर

किडनी को करता है प्रभावित
स्टोन पावडर सीधे-सीधे किडनी को प्रभावित करता है। खाद्य पदार्थ के लगातार सेवन के दौरान यह जाकर किडनी में जम जाता है जिससे उसकी क्षमता प्रभावित होती है। इसके अलावा इसका उपयोग अन्य तरह की बीमारियों का कारण भी बन जाता है।
- डॉ. हेमंत शर्मा, उपअधीक्षक डीके अस्पताल

सैंपल लिया गया
खाद्य पदार्थ में मिलावट को रोकने सख्ती बरती जा रही है। पहली बार गुड़ में स्टोन पावडर मिलाने का मामला सामने आया है। विभागीय टीम ने कार्रवाई के बाद स्टोन पावडर और मिलावटी गुड़ जब्त किया है। जांच के लिए सैंपल लिए गए है जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- नितेश मिश्रा, सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन

### गुड़ में स्टोन पावडर, केवल फैक्ट्री सील

कवर्धा जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने ऐसी फैक्ट्री पकड़ी थी, जहां गुड़ को चमकदार बनाने और वजन बढ़ाने के लिए स्टोन पावडर मिलाया जाता था। गुड़ के सैंपल लेकर फैक्ट्री सील कर दी गई और मामला न्यायालय में पेश करने के लिए रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मामला गंभीर है, मगर कारोबारी के खिलाफ किसी तरह का आपराधिक प्रकरण नहीं बना, क्योंकि इसका नियम ही नहीं है, जबकि पत्थर मिला गुड़ सीधे उपयोग करने वाले की किडनी डेमैज करता है।

### पनीर मामला न्यायालय में

रायपुर जिले की टीम ने बिरगांव और निमोरा में पनीर की ऐसी फैक्ट्री पकड़ी, जहां निर्माण के लिए दूध का इस्तेमाल ही नहीं किया जाता था। इसमें से एक फैक्ट्री को सील कर दिया गया और कई टन पनीर जब्त किया गया। रिपोर्ट में उसके अमानक मिलने पर प्रकरण सक्षम न्यायालय में पेश कर दिया गया। दोनों मामलों में कारोबारियों के खिलाफ किसी तरह का क्रिमिनल केस नहीं बना, जबकि पनीर आम घरों के साथ बड़े समारोह में भी सामान्यतः उपयोग किया जाता है।

### पिछले साल करीब तीन लाख जुर्माना

सूत्रों के अनुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा राज्य में समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए नियमों का पालन नहीं करने के मामले में करीब पांच सौ कारोबारी संस्थानों पर कार्रवाई की गई थी। मामले सक्षम न्यायालय तक पहुंचे और करीब दर्जनभर केस में तीन लाख तक जुर्माना किया गया। बाकी मामले सुनवाई के लिए लंबित है, जिसमें भी कारोबारियों को आर्थिक दंड दिए जाने की संभावना है।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश के पिस्टल टिकाने से दहशत में आया कारोबारी दुकान खोलने से डर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सराफा कारोबारी पर हिस्ट्रीशीटर यासिन अली सोने की अंगूठी देने दबाव बना रहा
- अंगूठी नहीं देने पर गुंडे भेजकर पिस्टल टिकाकर धमकाने का आरोप

बदमाशों के खिलाफ त्वरित तथा ठोस कार्रवाई नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में इरानी डेरा के तड़ीपार बदमाश यासिन अली ने एक कारोबारी पर पिस्टल टिकाकर उससे उधार में सोने की अंगूठी देने की मांग की। अंगूठी देने से इनकार करने पर बदमाश ने अपने दो गुर्गे भेज कर कारोबारी को पिस्टल की नोक पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी है। बदमाश की धमकी से दहशतजदा कारोबारी एक सप्ताह से दुकान खोलने से डर रहा है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामूली धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। इसके कारण कारोबारी पहले से ज्यादा दहशत में है। कारोबारी मुकेश सोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि यासिन अली ने उसे कॉल कर सोने की अंगूठी बनाने के लिए कहा। इस पर मुकेश ने यासिन को सोने की अंगूठी बनाने के पूर्व 75 प्रतिशत राशि जमा करने के लिए कहा। साथ ही अंगूठी बनने के बाद त त्काल बकाया पैसा देने के लिए कहा। इस पर यासिन ने बाद में पैसा देने की बात कही। कारोबारी ने यासिन के लिए अंगूठी नहीं बनाई, तो इससे नाराज होकर यासिन ने अपने गुर्गे सत्या तथा एक अन्य को मुकेश की दुकान भेजा। बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर कारोबारी यासिन के लिए अंगूठी बनाकर देने दबाव बनाया।

### पुलिस ने कहा पिस्टल दिखाने का सबूत नहीं

कारकोबारी ने घटना की पांच फरवरी को थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पिस्टल की नोक पर धमकाने की जानकारी पुलिस को दी, तो पुलिस ने कहा की जो सीसीटीवी फूटेज दिया है, उसमें पिस्टल का फूटेज सही तरीके से नहीं आ रहा है। ऐसे में हम एफआईआर में पिस्टल की नोक पर धमकाने का उल्लेख नहीं कर सकते। साथ ही एफआईआर में पिस्टल की नोक पर धमकाने का उल्लेख करने पुलिस ने कारोबारी को सबूत लाने के लिए कहा।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण एजेंसी को मार्च तक दी मोहलत

- महराजबंध, नरैया तालाब, खो-खो तालाब में एसटीपी का काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 20 करोड़ खर्च कर गंदे पानी के शुद्धिकरण की योजना

शहर के महराजबंध तालाब, नरैया तालाब और खो-खे तालाब में जल शुद्धिकरण के लिए लगाये जाने वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम 2 साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित एजेंसी को मार्च तक हर हाल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पूरा करने समय दिया है। 20 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के लिए समृद्धि वाटर वर्क्स एजेंसी को ठेका दिया गया है।

दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर के 3 तालाबों का भूजल स्तर बनाये रखने और गंदे पानी का शुद्धिकरण करने 20 करोड़ की लागत से 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने ठेका दिया। राजधानी के ऐतिहासिक महराजबंध तालाब में 3 नालों का गंदा पानी तालब के जल को दूषित कर रहा है।

इसमें वीरभद्र नगर, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाले नाले का पानी जा रहा है। इसके शुद्धिकरण के लिए 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा रहा है। इसी तरह नरैया तालाब और खो-खो तालाब में 1-1 एमएलडी एसटीपी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य बहुत धीमे गति से कराया जा रहा है। इसे लेकर चार माह पूर्व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों व ठेकेदारों की बैठक में स्मार्ट सिटी के प्रबंधक संचालक अबिनाश मिश्रा ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान एसटीपी निर्माण कार्य में लेटलतीफी को लेकर संबंधित एजेंसी को जमकर फटकार भी लगाई। काम में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर अंतिम नोटिस दिया गया। हाल ही में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने उससे प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी है।



### मार्च तक काम पूरा करना होगा

10 दिन पहले अनुबंधित एजेंसी ने तीनों साइट पर एसटीपी के अधूरे काम को पूरा करने टीम लगाई है। हमने उससे प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी है। ठेका एजेंसी को मार्च तक काम पूरा करना होगा।
**- पीके पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

# विवाद पर मां ने मारा थप्पड़ तो 17 वर्षीय बेटी रात को घर से निकली, सुबह फांसी पर झूलती मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मां-बेटी के बीच उपजे छोटे से विवाद से नाराज होकर बेटी ने फांसी लगाकार खुदकुशी कर ली। हुडको के करीब रेलवे ट्रैक पर बेटी की लाश फांसी पर झूलती पाई गई। मृतका का नाम सुशीला पटनायक (17 वर्ष) बताया गया है। वह उड़िया बस्ती रायपुर नाका दुर्ग की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि मृतका सुशीला का अपनी मां के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद मृतका रात करीब 10 बजे घर से बाहर निकल गई थी। इसके बाद से परिजन उसे ढूंढ रहे थे, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। सुबह उसकी लाश हुडको के पास दुर्ग-बालोद रेलवे ट्रैक के किनारे फांसी पर झूलती पाई गई। परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। इसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार को फॉरेंसिक की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान मौके से कई साक्ष्य कलेक्ट किए गए गए हैं। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### साफ-सफाई का काम करती थी पूरी रात खोजते रहे परिजन

परिजनों ने बताया कि मृतका साफ-सफाई का काम करती थी। घर में विवाद के बाद वह कहीं चली गई। इसके बाद पूरी रात उसकी खोजबीन की गई, लेकिन वह नहीं मिली। सुशीला जिस घर में काम करती थी, परिजनों ने वहां भी पहुंचकर जानकारी ली, लेकिन रात को कोई खबर नहीं मिली। सुबह होते ही पुलिस ने परिजनों को लाश मिलने की सूचना पर वे घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती, उसकी हत्या हुई है।

### फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य पुलिस जुटी जांच में

फॉरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंची। परिजनों ने हत्या की आशंका भी जताई। इसके लिए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। भिलाई नगर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद शव को नीचे उतारा गया और पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा गया। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलने का आश्वासन पुलिस ने दिया है। बहरहाल पुलिस मृतका के जाने पहचान वाले लोगों को पूछताछ कर रही है। घर के सारे सदस्यों का भी बयान लिया गया है।

### पटरी किनारे झाड़ियों के झुरमुट के बीच थी लाश, किसी ने पुलिस को दी इसकी जानकारी

पुलिस ने बताया कि मृतका की लाश हुडको स्थित पटरी किनारे झाड़ियों के बीच थी। किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर मृतका की पहचान हो चुकी। पुलिस ने बताया कि घर में मां के साथ मामूली विवाद के बाद बेटी को थप्पड़ जड़ दिया था। इसके बाद बेटी ने रेलवे पटरी किनारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। पूछताछ करने पर मृतका के बारे में पता चल सका। खबर सुनकर सुशीला के माता-पिता मौके पर पहुंचे। बेटी की लाश को देख रोते बिलखते रहे। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि बेटी ने थप्पड़ की वजह से आत्महत्या नहीं की है। उसकी हत्या की गई है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए दलों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

# चार रंगों में मतपत्र के जरिए कराएंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत बीआईटी कॉलेज में मतदान दल अधिकारियों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में 1336 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। जिन्हें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। त्रिस्तरीय पंचायत के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचों तथा पंचों के लिए मतदान आगामी 17, 20 एवं 23 फरवरी को किया जाएगा। मतदान का समय सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। मास्टर ट्रेनर्स ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान बहुत हद तक मतदान केन्द्र पर की गई व्यवस्था एवं सुरक्षा के साथ-साथ वहां नियुक्त कर्मचारियों की निष्पक्षता, सजगता और कार्यकुशलता पर निर्भर करता है। प्रत्येक मतदान अधिकारी आयोग के निर्देशों के अध्यधीन रहते हुए पीठासीन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किए जाने पर पीठासीन अधिकारी के समस्त या किन्हीं भी कृत्यों का पालन करेगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतपत्र अलग-अलग रंगों में रहेगा। पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र रहेगा।



### ऐसे होगा मतदान

मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के दायित्वों से अवगत कराया। मतदान अधिकारी निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति का प्रभारी, मतदाता सूची से मतदाता की प्रविष्टि को जोर से पढ़ने और मतदाता की पहचान निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान हेतु निर्धारित किए गए दस्तावेज के आधार सुनिश्चित करेगा। इनके पास अमिट स्याही भी होगी। मतदान अधिकारी क्रमांक 2 मतदाता को मतपत्र देगा। मतदाता को पहले पंच पद और सरपंच पद के लिए क्रमशः सफेद और नीले रंग के मतपत्र देगा। मतदान अधिकारी क्रमांक 3 मतदाता को जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीले रंग का मतपत्र तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र देगा।

# कबड्डी देखने निकला बुजुर्ग, दूसरे दिन फंदे पर लटकती मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खेरथाडीह के नर्सरी में बुधवार को कुसुम पेड़ में फांसी के फंदे पर लटकती हुई बुजुर्ग की लाश मिली है। मृतक की पहचान खेरथाडीह निवासी 61 वर्षीय दयाल सिंह पिस्दा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दयालसिंह मंगलवार रात 8 बजे अपने घर से कबड्डी देखने जा रहा हूं कहकर निकला था। लेकिन, वह देर रात तक घर नहीं आया। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। दूसरे दिन सुबह ग्रामीणों ने लाश देखकर पुलिस व परिजनों को सूचना दी। बालोद टीआई रविशंकर पांडेय ने बताया कि मंगलवार को खेरथाडीह में कबड्डी स्पर्धा देखने के लिए बुजुर्ग निकला था। गांव से 200 मीटर दूर कुसुम पेड़ पर अपने गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विश्व पुस्तक मेला में डॉ पाटनी की पुस्तक विमोचित

दुर्ग। दिल्ली के विश्व पुस्तक मेला में छत्तीसगढ़ मूल के अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर और बिजनेस कोच डॉ उज्जवल पाटनी की बेस्टसेलर पुस्तकों पावर थिंकिंग और जीत या हार रहो तैयार के नए संस्करणों का विमोचन हुआ। यह कार्यक्रम लेखक मंच हाल भारत मंडपम प्रगति मैदान में आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर राज्यसभा सांसद और दानवीर हीरा व्यापारी गोविंद भाई ढोलकिया मुख्य अतिथि थे। उन्होंने डॉ पाटनी की पुस्तकों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणादायक लेखनी और शिक्षाएं लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। पुस्तक विमोचन के दौरान गिनीज़ विश्व रेकॉर्ड विजेता डॉ उज्जवल पाटनी ने सफलता की क्रांतिकारी आदतों पर एक विशेष टॉक भी दी। डॉ पाटनी ने कहा कि पावर थिंकिंग सेमिनार शैली की पुस्तक है जिसके अंदर 17 वर्कशीट है> इसको पढ़ने से सेमिनार में हिस्सा लेने जैसा एहसास होगा> यदि किसी को पुस्तकें पढ़ने की आदत नहीं है तो उनको जीत या हार रहो तैयार से शुरुआत करनी चाहिए जो रोचक प्रसंगों और कहानियों से भरी है। डॉ. पाटनी को उल्लेखनीय योगदान के लिए 15. विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

### वाहन की अनुमति के लिए अधिकारी नियुक्त

दुर्ग । त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र कमांक 1 से 12 बजरंग दुबे ने अस्थायी चुनाव कार्यालय, सभा, सम्मेलन, नुक्कड़ सभा व रैली हेतु अनुमति पत्र एवं चुनाव प्रचार हेतु वाहन की अनुमति के लिये सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जिला पंचायत तहसीलदार दुर्ग श्रीमती क्षमा यदु को अधिकृत किया गया है। संबंधित जिला पंचायत के अभ्यर्थी अनुमति हेतु कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत दुर्ग के कक्ष द्वितीय तल में आवेदन जमा कर सकते है।

### टाटा इतवारी एक्सप्रेस 13 व 14 फरवरी को रद्द रहेगी

दुर्ग । चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा स्टेशन में अधोसंरचना कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इस वजह से कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जारी आदेश के अनुसार 13 और 14 फरवरी को गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी और टाटानगर एक्सप्रेस एक्सप्रेस रद्द रहेगी। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार बंडामुंडा रेलवे स्टेशन में मेंटनेंस का कार्य 13 और 14 फरवरी के बीच ही किया जाएगा। हालांकि एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित नहीं रहेंगी।

### प्रायोगिक परीक्षा 18 से

दुर्ग। हेमचंद यादव विवि के बी.एससी भाग 02 व 03 के परीक्षार्थी जिन्होंने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी कालेज (साईंस कालेज) को परीक्षा केन्द्र चयनित किया है, उनकी प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारिणी 18, 19 एवं 21 फरवरी को होगी।

### बाबा रविदास की जयंती पर शहर में निकली शोभायात्रा

दुर्ग। संत शिरोमणि श्री रविदास बाबा की जन्मोत्सव एवं माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविदास समाज के द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान बडी संख्या में समाजिक बंधु व समाजिकजन उपस्थित थे। जहां शोभायात्रा में संगीतमय धुन के बजती रही। इस दौरान शहर में सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न आयोजन भी किए गए थे। बजरंग दल के द्वारा रविदास बाबा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। समाज के अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव का भगवे गमछे एवं पुष्पमाला के साथ अभिवादन किया गया। रविदास समाज के ऊपर पुष्पवर्षा कर भाव आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बजरंग दल के विभाग सह संयोजक राकेश तिवारी, जिला संयोजक सौरभ देवांगन, प्रेम दस मानिकपुरी के साथ सभी बजरंगी भाई उपस्थित रहे।

---

अखिल भारतीय जैविक कृषि प्रशिक्षक ने पुरानी कृषि पद्धति को पुनः विकसित करने पर दिया जोर

# सुरक्षित एवं स्वास्थ्य दायक रही है भारत की प्राचीन गौ आधारित कृषि पद्धति : राघवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर का समापन गौ आधारित कृषि एवं गौ संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ। शिविर में प्रदेश के 125 से अधिक प्रशिक्षार्थी शामिल हुए। शिविर के अंतिम दिन अखिल भारतीय जैविक कृषि प्रशिक्षक केईएन राघवन ने गौ उत्पाद का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया।

- तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिसेसर पटेल के मार्गदर्शन में प्रदेश के 125 प्रशिक्षार्थियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इन्हें भविष्य में अन्य शिविरों के माध्यम से पुनः प्रशिक्षित किया जाएगा। ये प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर गौ शालाओं, गौधाम व किसानों के मध्य गोबर गौमूत्र छाछ से जैविक कृषि क्यों किया जाना चाहिए, कैसे किया जाना चाहिए का प्रशिक्षण देकर किसानों को गौ आधारित कृषि के लिए प्रेरित करेंगे। प्रमुख प्रशिक्षक केईएल राघवन ने बताया कि भारतीय प्राचीन कृषि पद्धति मानव जीवन के लिए सुरक्षित एवं स्वास्थ्य दायक कृषि रही है। उन्हें विधर्मियों ने दूषित कर दिया है। हमें पुनः पुरानी कृषि पद्धति को विकसित करना है।



### किसानों को गौ आधारित कृषि के लिए प्रशिक्षित व प्रेरित करें : पटेल

गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिसेसर पटेल ने कहा कि शिविर में हमें नया अनुभव, नवीन जानकारी प्राप्त हाती है। सामुहिक रूप से हटकर जीवन जीने की शैली सीखते हैं। यहां प्रशिक्षण ले रहे मास्टर ट्रेनर की जवाबदारी है कि प्रदेशभर में गौ आधारित कृषि के लिए लगातार शिविर लगाकर गौ भक्तों, किसानों को मार्गदर्शन कर उन्हें गौ आधारित कृषि के लिए प्रेरित करें। सभा को आरएसएस सह कार्यवाह गोपाल यादव, गौ सेवा गतिनिधि प्रांत संयोजक अन्ना सफारे, सह संयोजक रूपेन्द्र साहू खैरागढ़ से पहुंचे पदम जैन ने भी संबोधित किया। संचालन सिलिडीह गौशाला संचालक दुलारसिंह सिन्हा ने किया।



उन्होंने ऋषि हरिद्रा गौतम एवं उनके शिष्य सत्यकाम की कथा के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को कहा कि शिक्षा तभी पूर्ण रूप से प्राप्त होती है, जब हम पूरी लगन, तपस्या, समर्पण से सीखें। हम सभी की जिम्मेदारी है कि वेद शास्त्रों में वर्णित गौ माता के वैभव को हम पुनः स्थापित करने कार्य करें।

### गौ सेवा पर आधारित कृषि को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है : वर्मा

समापन समारोह में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रांतकार्यवाह टोपराम वर्मा ने कहा कि प्रांत में गौ सेवा पर आधारित कृषि को बढ़ावा देना होगा। आज गौ माता विधर्मियों के हाथों में जा रही हैं, उन्हें रोकने व संरक्षित करने प्रत्येक गौ भक्त की जिम्मेदारी है। आज की इस परिस्थिति के लिए हम ही जिम्मेदार हैं। हम ही गौ माता को विधर्मियों को बेच रहे हैं। उन्होंने गौ सेवकों से कहा कि जिस गांव में हम कर्य कर रहे हैं, उस गांव से एक भी गौ माता बाहर नहीं जानी चाहिए। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसानों की भूमि बंजर न हो, कड़ी न हो, उपजाऊ बनी रहे इसकी चिंता गौ सेवकों व किसानों को करनी होगी। हमें सरकार पर निर्भर नहीं रहना है, सनातनी होने के नाते हम सबकी जिम्मेदारी है, कि गौ माता का संरक्षण हो।

---

# पेण्ड्री में शुरू हुई पांच दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पेण्ड्री में यंग स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में 5 दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं जिला पंचायत के निवर्तमान सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम साहू ने की।

मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन बेहतर मंच है। खिलाड़ी इस मंच से अपना बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए वे हमेशा खिलाड़ियों का हर संभव सहयोग करते रहे हैं और भविष्य में भी उनकी बेहतरी के लिए हर संभव सहयोग करते रहेंगे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अनुशासित तरीके से खेल कर आगे बढ़ने की बात कही।

कार्यक्रम में सरपंच खिलेन्द्र कुमार साहू, चन्द्रकुमार देशलहरे, ठाकुर राम निर्मल, भूपेश साहू, उमेश साहू, धनंजय साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, खेलप्रेमी तथा आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

---

## मृतक के परिजनों को दी गई सहयोग रशि...



गुण्डरदेही। ग्राम पंचायत भरदाकला में सचिव रहे डुडिया निवासी टेकेश्वर यादव का 2 फरवरी को निधन हो गया। उनके निधन पर गुण्डरदेही सीईओ द्वारा 25 हजार की सहयोग राशि आरईएस के एसडीओ सिन्हा एवं वरिष्ठ करारोपण अधिकारी द्वारा उनकी धर्मपत्नी को नकद प्रदान किया गया। वहीं, सचिव संघ की ओर से अध्यक्ष छात्रपाल चन्द्राकर द्वारा 41 हजार पांच सौ रुपए की सहयोग राशि मृतक की पत्नी को प्रदान की गई। इस अवसर पर गुलाबचंद साहू, दशरथ निषाद, मुकेश कुमार साहू, निरंजन सिंह देशमुख, वीरेंद्र कुमार साहू, राधेचरण यादव एवं अन्य सचिव उपस्थित थे।

---

# दो साल के मासूम को वैन ने कुचला, मौत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूल की वैन ने दो साल की मासूम को कूचलने का मामला प्रकाश में आया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि बुधवार की सुबह 7-8 बजे कंट्रेक्टर कालोनी वार्ड 17 सुपेला निवासी विभा जायसवाल के बच्चे संजोना जायसवाल 6 वर्ष, संगीता जायसवाल 4 वर्ष राम नगर स्थित कृष्णा विद्यालय में पढ़ाई करते है।

सुबह स्कूल की वैन सीजी-07 सीटी-6611 घर के पास बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए पहुंची थी। इस दौरान संजोना, संगीता वेन में बैठ गए। इधर 2 वर्ष की अंशिका दौड़ते हुए अचानक पहुंची चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे चपेट में लिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल अं शि का को पहले लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया। स्थिति गंभीर होने से उसे निजी अस्पात भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। अंशिका के पिता श्रवण जायसवाल काम के सिलसिले में बाहर गए हुए है। बच्चीं की मां अंशिका को अपनी गोद में लेकर वैन तक पहुंची थी इस दौरान अंशिका को गोद से नीचे उतार दिया। तब अंशिका वैन के सामने अचानक आ गई और चालक बिना चेक करे वाहन को आगे बढ़ा दिया।

---

# जल जतन अभियान से प्रभावित हजारों किसानों ने धान की जगह ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जल जतन अभियान के तहत आयोजित कृषक जन चौपाल में धान के स्थान पर अन्य फसल लेने के लिए पांच विकासखण्डों में 491 चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 7679 किसान शामिल हुए। योजना के तहत जिले में कुल 2952 किसानों ने 2890.89 हेक्टेयर में चना की फसल ली है। 1562 कृषकों ने 912.68 हेक्टयर में गेंहू, 534 ने मक्का, 1066 कृषकों ने सरसों, 56 ने गन्ना तथा 1407 ने अन्य फसल ली है। वहीं, 450 कृषकों ने साग-सब्जी की फसल ली है।

लेकिन, समझाइश के बाद भी हजारों किसानों ने धान की फसल ली है। धान की सबसे ज्यादा फसल बालोद ब्लाक में 4522 किसानों ने 3773 हेक्टेयर में और सबसे कम 1410 किसानों ने 1198 हेक्टेयर में धान की फसल ली है।

---

# पूजा खत्म होने के बाद भी पंडाल नहीं हटाया, गिरने से पांच घायल, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अचानक पूजा पंडाल भरभरा के गिरने से सड़क के गुजर रहे चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए है। हादसा सेक्टर 5 स्थित गणेश मंदिर का है।

मामले में पुलिस ने मंदिर समिति के खिलाफ धारा 125 (ए) बीएमएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-5 स्थित में श्री सिद्धि विनायक मंदिर है। मंदिर समिति ने 26 जनवरी से 3 फरवरी तक श्री सिद्धि विनायक मंदिर के जीर्णोद्धारण स्वर्णबंधन महा-कुंभाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया था। तीन फरवरी को कार्यक्रम खत्म होने के बाद टेंट वाले ने सड़क किनारे पर लगे टेंट को नहीं हटाया था।

बुधवार को टेंट हाउस संचालक अपने कर्मियों के साथ टेंट को खोल रहा था। इस दौरान उसने सड़क को ब्लॉक नहीं किया गया और आने जाने वाले के ऊपर अचानक भारी भरकम लोहे का सामान गिर गया।

- सेक्टर 5 गणेश मंदिर की घटना, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

हादसे में सड़क से गुजर रही महिला स्कूटी चालक, साइकिल से जा रहे वृद्ध भी चपेट में आया है। हादसा टेंट वालों के बैलेंस बिगड़ने से होना बताया जा रहा है। घटना में दो लोग टेंट हाउस संचालक के कर्मी भी घायल है। आसपास के लोगों ने तुरंत डायल 112 को कॉल कर सूचना दी गई। घटना में एक महिला का सिर भी फट गया। वहीं एक गार्ड ने अपने गमछे से उसका सिर बांधे रखा था।

सभी घायलों को सुपेला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता स्टेशन मरोदा निवासी बाबूलाल यादव ने बताया कि वह काम पर नेहरू नगर जाने के लिए निकला था। दोपहर अपने घर साइकिल से जाने निकला था। सेक्टर 5 में टेंट खोलने का काम चालू था, लेकिन लोगों की आवाजाही हो रही थी। अचानक पूरा टेंट का फ्रेम भरभराकर उसके ऊपर गिर गया। घटना में उसकी साइकिल टूट गई।

### नौ दिन के बाद भी टेंट सड़क पर लगा रहा

घायलो होने वाले लोगों ने बताया कि गणेश मंदिर समिति के लोग और टेंट हाउस संचालक हादसे के जिम्मेदार है। जब मंदिर का कार्यक्रम 3 फरवरी को खत्म हो गया था। तो 9 दिन तक इतना बड़ा टेंट सड़क में लगाकर क्यों रखा गया? सड़क में लगे हैवी टेंट को खोलने से पहले पुलिस की अनुमति लेकर सड़क को ब्लॉक क्यों नहीं किया गया। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

---

# धनोरा में श्री राम कथा का समापन शतचंडी यज्ञ में भी दी गई पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पवन धाम धनोरा में आयोजित शतचंडी यज्ञ एवं श्री राम कथा का माघी पुन्नी मेला के दिन शाम 6 बजे समापन हुआ। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि महावीर उद्यान में समस्त ग्रामवासी एवं श्रद्धालुओं के विशेष सहयोग से आयोजित यज्ञ के समापन अवसर पर पंडित दीपक पांडे ने संपूर्ण पृथ्वी को अपना परिवार मानने तथा सबके लिए लोक कल्याण की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यज्ञ कुंड में खीर एवं पूड़ी की आहुति दी गई। यज्ञ के मुख्य यजमान गुलाब साहू सुनीता साहू, मनोज पटेल हितेश पटेल, ललित साहू मंजू साहू, बाबूलाल साहू प्रमिला साहू, कल्याण देवांगन अंजू देवांगन, मारियल साहू ज्योति साहू, सुखउराम, बुधकुंवर, नारायण, योगेश साहू देव श्री साहू रहे।

**राम-भरत मिलाप का किया वर्णन :** इससे पहले पीठाधीश्वर रामानंदाचार्य धीरेंद्रचार्य जी महाराज ने भारत मिलाप का सुंदर वृत्तांत सुनाया। श्री राम भरत मिलन की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे और उनकी आंखें नम हो गईं। कथा वाचक धीरेंद्रचार्य जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम से मिलने को भरत व्याकुल हो उठते हैं। उनकी रातों की नींद व दिन का चैन छिन गया था। आंखों से अश्रु धारा निकल रही थी। कब बड़े भाई श्री राम के दर्शन हों। एक-एक पल उनके लिए वर्ष समान बीत रहा था। भारत लर जब चित्रकूट के निकट पहुंचते हैं तथा आश्रम में प्रवेश कर जैसे ही अपने बड़े भाई श्री राम को देखते हैं तो मानो उनका सारा दुख और कष्ट मिट गया। श्री राम अपने अनुज भरत को अपनी बाहों में भर लेते हैं।

इससे मानो भारत के सीने पर चल रहे बाण शांत हो गए हैं। राम भरत का मिलाप देख कर देवता भी नतमस्तक होते हुए फूलों की वर्षा करने लगे। कथा व्यास पीठ से महाराज जी ने बताया कि भाइयों का ऐसा प्यार संसार में कहीं देखने को नहीं मिलता। श्रद्धालु श्री राम कथा सुनकर भाव विभोर हो गए। कथा पंडाल में सभी भक्तों ने मिलकर महाराज जी को श्रीफल भेंट कर विदाई दी। श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा मंदिर प्रांगण के पास भंडारा का आयोजन किया गया।

---


### न्यायाधीश अंकिता ने दिया आदेश, जांच करें

# आयकर रिटर्न के नाम पर 1.46 लाख ज्यादा वसूले, सीए पर धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के प्रतिष्ठित सीए श्रीचंद लेखवानी पर कोर्ट के आदेश के बाद मोहन नगर थाने में धारा 420, 384, 389, 418, 109 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। शदाणी दरबार के पास, सिंधी कॉलोनी निवासी श्रीचंद लेखवानी ने कोर्ट में उनके विरुद्ध परिवाद दायर किया था। न्यायाधीश अंकिता गुप्ता ने मोहन नगर पुलिस के आदेश जारी किया कि मामले में अपराध दर्ज कर जांच करे, साथ ही इसकी जानकारी न्यायालय को दें। इसके बाद मोहन नगर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया।

- पुलिस ने दर्ज किया श्रीचंद लेखवानी के खिलाफ अपराध




पुलिस ने बताया कि 4 फरवरी को कोर्ट से आदेश जारी हुआ। इस मामले में रामचंद्र गोदवानी ने सीए श्रीचंद लेखवानी के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि आयकर रिटर्न भरने के लिए 5,36,160 रुपए श्रीचंद लेखवानी ने उनसे लिए। जबकि आयकर विभाग को भुगतान 3,90,000 रुपए किया गया। इस प्रकार 1,46,160 रुपए अतिरिक्त लिए गए। रामचंद्र ने बताया कि उसका पूर्व में क्रेशर के कारोबार रहा है। श्रीचंद पेश से सीए हैं। आयकर विवर्णिका शासन के दिशा निर्देशों के तहत श्रीचंद के माध्यम से वे प्रेषित करते रहे हैं। वर्ष 2023 में अपने कारोबार के संबंध में आयकर विवर्णिका हेतु समस्त दस्तावेज जो श्रीचंद के द्वारा मांगे गए थे, प्रदत्त किए गए। इस पर श्रीचंद ने जुलाई 2023 के दूसरे सप्ताह में रामचंद्र को बुलवाया। धमकी दी कि रामचंद्र को 5,36,160 रुपए टैक्स के रूप में अदा करने हैं। शासन को देय टैक्स 5, 36,160 रुपए निकलता है। यदि रकम नहीं देते हैं तो आपको हथकड़ी लग जाएगी, जेल भी हो सकती है। 26 जुलाई 2023 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा मालवीय नगर के चेक से 5,36,160 की राशि दी गई, जिसे श्रीचंद ने पंजाब नेशनल बैंक दुर्ग में प्रस्तुत कर 5,36,160 रुपए प्राप्त कर लिए।

इसके बाद रामचंद्र ने आयकर विवर्णिका की फोटो कापी व अदा किए गए टैक्स की पावती की मांग की गई, लेकिन नहीं दिया गया। दुर्व्यवहार कर रामचंद्र को अपने कर्मचारियों के समक्ष व आवेदक के मित्रों के समक्ष अपमानित कर गाली-गलौच कर भगा दिया गया। इसके बाद रामचंद्र ने पहले मामले की शिकायत 13 मार्च 2024 को मोहन नगर थाने में की।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411